सतर्कत्ता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, मैहली में आयोजित कार्यक्रम की रिपोर्ट

हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला द्वारा 31 अक्तूबर से 06 नवंबर तक सतर्कत्ता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया जिसमें संस्थान द्वारा विभिन गतिविधियां की गयी । इन गतिविधियां के अंतर्गत, 1 नवंबर, 2022 को संस्थान से श्रीमती सविता कुमार बन्याल, मुख्य तकनीकी अधिकारी; श्रीमती सोनिका शर्मा, वरिष्ठ तकनीशियन एवं श्री स्वराज, तकनीशियन की टीम ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, मैहली में जाकर विद्यार्थियों को भ्रष्टाचार एवं इसके प्रति सतर्कत्ता के बारे में अवगत कराया । कार्यक्रम में स्कूल की प्रधानाचार्या, अध्यापकों एवं छात्रों समेत कुल 150 लोगों ने भाग लिया । कार्यक्रम के शुरुआत में श्रीमती सविता कुमार बन्याल, मुख्य तकनीकी अधिकारी ने विद्यार्थियों को "भ्रष्टाचार एवं इसके प्रति सतर्कत्ता" विषय पर भाषण के माध्यम से जानकारी प्रदान की । जिसमें उन्होने सतर्कत्ता जागरूकता सप्ताह-2022, इसके थीम, भ्रष्टाचार, इसके प्रकार, भ्रष्टाचार के कारण, भ्रष्टाचार उन्मूलन, नियम, अधिनियम, भ्रष्टाचार के प्रति सतर्कत्ता, केंद्रीय सतर्कत्ता आयोग एवं जन-जागरूकता पर विस्तृत चर्चा की । उन्होने कहा कि विद्यार्थी भ्रष्टाचार को रोकने में अहम भूमिका निभा सकते हैं । उन्होने विद्यार्थियों को भ्रष्टाचार के प्रति जागरूक रहने, समाज में जागरूकता फैलाने, एवं किसी भी परिस्थिति में भ्रष्टाचार न करने, न होने देने एवं इसे रोकने की सलाह दी । कार्यक्रम के अंत में स्कूल प्रधानाचार्या ने हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान का स्कूलों में इस तरह की गतिविधियां करवाने के लिए एवं छात्रों को इस विषय पर जागरूक करने के लिए धन्यवाद किया ।

GOVT.SEN.SEC.SCHOOL
MEHLI Distt.SHIMLA